तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026



10 3 साल की उम्र में मां और 15 में पिता ने छोड़ा साथ : ...



11 महाप्रभु जगन्नाथ की सवा लाख दीपों से महाआरती







SHRIRAM HOSPITAL Founded on faith, focused on health

श्रीराम हॉस्पिटल

200 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.)

(प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सक)

आयुष्मान भारत योजना/स्मार्ट कार्ड/राशन कार्ड, ESIC, BSNL, FCI, CSPDCL एवं समस्त प्रकार के हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) द्वारा कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध !

श्रीराम हॉस्पिटल रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.) 9851322220, 9551322220 SHRI RAM HOSPITAL @srhbalodabazar www.shriramhospitalbb.com


## खबर संक्षेप

### भाटापारा-हथबंद स्टेशनों के मध्य दो दिन बंद रहेगा यातायात

**भाटापारा।** रायपुर रेल मंडल में रेलवे भाटापारा- हथबंद स्टेशनों के मध्य समपार क्रमांक 386 डाउन लाइन स्थित ट्रेक में आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए 18 जुलाई सुबह 8 बजे से 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन बंद रहेगा। वहीं हथबंद स्टेशनों के मध्य समपार क्रमांक 389 डाउन लाइन स्थित ट्रेक में आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु 18-जुलाई सुबह 8 बजे से 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन बंद रहेगा 1

### आशीष बने बिलासपुर संभाग ओबीसी मोर्चा के सह प्रभारी

**भाटापारा।** भाजपा के प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल को पार्टी ने बिलासपुर संभाग ओबीसी मोर्चा का सह प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश की 52 प्रतिशत जनसंख्या वाले ओबीसी वर्ग को और अधिक मजबूती प्रदान करने और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति देने के उद्देश्य से की गई है। अपनी नियुक्ति पर आशीष जायसवाल ने प्रदेश अध्यक्ष किरन सिंहदेव, भाजपा कोर कमेटी सदस्य शिवरतन शर्मा , प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू और ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए सदैव सक्रियता के साथ संघठन के कार्यो का निर्वहन करूंगा।

### राय गौरव रामप्रवेश ने संभाला जिले के पुलिस अधीक्षक का पदभार



बलौदाबाजार। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) 2019 बैच के अधिकारी राय गौरव रामप्रवेश ने गुरुवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे दंतेवाड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। पुलिस कार्यालय पहुंचने पर निवर्तमान पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा ने उनका स्वागत करते हुए विधिवत जिले का प्रभार सौंपा। इस अवसर पर जिले के शेष पेज 10 पर

# श्रद्धा के साथ निकली महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज कसडोल

नगर में 16 जुलाई, गुरुवार को महाप्रभु जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पूरा नगर जय जगन्नाथ और हरे कृष्णा के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कसडोल पहुंचे, जिससे चारों ओर भक्ति का एक अभूतपूर्व माहौल निर्मित हो गया। आकर्षक रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले महाप्रभु गुरुवार दोपहर को पुरानी हवेली स्थित मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती और छेरा-पहरा (रथ की सफाई की रस्म) की शेष पेज 10 पर



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भजनों ने बांधा समां

शोभायात्रा में शामिल भजन मंडलियों और संकीर्तन दलों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पारंपरिक बाजे-गाजे, शंखध्वनि और ढोल-ताशों की थाप ने रथयात्रा के वैभव को और बढ़ा दिया। महाप्रभु के रथ को खींचने और उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस बीच भक्तों की आस्था और उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई।



आक्रोश : अंचल वासियों ने निर्माणाधीन शेष मार्ग के सीमेंटीकरण की मांग की

# सरसीवां-सरायपाली मार्ग की नवनिर्मित सड़क दो दिन की बारिश में बही

हरिभूमि न्यूज मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां से सरायपाली मार्ग में सड़क निर्माण कार्य बीते 6 माह से चला कार्य अभी अधूरा है। बताया जा रहा है जहां-जहां सीसी रोड बनना है वह जारी है, लेकिन जहां डामर से बनना है वहां बारिश के बाद निर्माण कार्य किया जाना है। इस मार्ग को लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा बनाये जा रहे इस नवीन सड़क में अभी से लापरवाही व अनियमितता सामने आ रही है। मनपसार गांव के पास 100 मीटर की डामर सड़क एक जुलाई की बारिश में पूरी तरह बह गई।ज्ञात हो कि सरसीवां से सरायपाली मार्ग की दूरी 39 किमी है, जहां सरसीवां से मातानाला तक 19 किमी सड़क कार्य करने का ठेका मिला हुआ है। आगे का मार्ग महासमुंद जिला अंतर्गत आता है, जो बन गया है। बताया जा रहा है निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा किया जाना है। पिछले समय इस मार्ग को 2019-20 में डामरीकरण किया गया था जो कि केवल 2022 में ही सड़क से डामर उखड़ने लगे थे और धीरे धीरे 2024 में मार्ग से डामर पूरी तरह से उखड़ गया था। अनगिनत गड्ढे निर्मित होने के बाद शासन से पुनः डामरीकरण करने की स्वीकृति मिली।

### जांच की उठी मांग

सूत्र बताते हैं कि सड़क मार्ग को सीसी रोड बनाना होगा, क्योंकि यहां काली मिट्टी है। इस मिट्टी में डामर नहीं टिक रहा है। हल्का पानी पड़ने पर डामर उखड़ जा रहा है या डामर अच्छी क्वालिटी का लगाना होगा तभी मार्ग टिकेगा। सड़क से डामर क्यों उखड़ गया, यह जांच का विषय है। कोई तकनीकी इंजीनियर की जांच से खुलासा होगा कि सड़क से डामर क्यों उखड़ा।



### सीसी रोड निर्माण की मांग तेज

2019 में शिवरीनारायण से बिलासपुर मार्ग का डामरीकरण किया गया था जो आज भी सही हालत में है, जबकि दोनों ही मार्ग एक साथ बने थे। सरसीवां अंचल वासियों ने लोक निर्माण विभाग से कारण जानना चाहते हैं कि जब एक साथ बनने वाली सड़क में से एक सरसीवां से सरायपाली सड़क 2 साल में खराब हो गई। वहीं शिवरीनारायण से बिलासपुर मार्ग 6 साल के बाद भी मजबूत बना हुआ है। आखिर ऐसा क्या कारण है। अंचल वासियों ने इसका कारण पता कर बाकी मार्ग बिलासपुर से सरसीवां, गाताडीह से मनपसार तक को मजबूत सीसी रोड बनाने की मांग की है, ताकि मार्ग लंबे समय तक मजबूत टिके रहे।

# ज्वेलरी कारोबारी से बंदूक की नोंक पर लूट

हरिभूमि न्यूज भाटापारा



- पुलिस ने की नाकाबंदी, सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही
- तरेंगा-रोहरा के बीच सुनी सड़क पर घटी घटना

यहां के ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तरेंगा से रोहरा के बीच गुरुवार सुबह एक ज्वेलरी व्यवसायी को रास्ते में दो बाइकों पर सवार अज्ञात बदमाशों ने रोका और कथित तौर पर बंदूक की नोंक पर सोने-चांदी के जेवरों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और आरोपियों की तलाश के लिए पूरे इलाके में भारी नाकाबंदी की गई है।

जानकारी के अनुसार, प्रार्थी बलराम सोनी प्रतिदिन की तरह गुरुवार 16 जुलाई को सुबह लगभग 9.30 बजे ग्राम तरेंगा से ग्राम रोहरा स्थित अपनी ज्वेलरी दुकान के लिए मोटरसाइकिल से अकेले निकला था।

सुबह लगभग 9.45 से 10 बजे के बीच, तरेंगा और रोहरा के मध्य एक सुनसान स्थान पर विपरीत दिशा से दो बाइकों पर सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने प्रार्थी की गाड़ी रुकवा ली। इससे पहले कि प्रार्थी कुछ समझ पाता, आरोपियों ने तथाकथित बंदूक (कट्टा) अड़ा दी और उसके पास रखे सोने-चांदी के जेवरात से भरा थैला लूटकर तेजी से फरार हो गए।

### कई थानों की पुलिस अलर्ट

लूट की बड़ी वारदात की सूचना मिलते ही भाटापारा ग्रामीण पुलिस के साथ-साथ पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा, थाना भाटापारा शहर, सिमगा, सुहेला और हथबंद पुलिस की टीमें तुरंत एक्टिव हो गईं।

### सभी रास्तों पर नाकाबंदी

संदिग्ध आरोपियों के भागने के सभी संभावित रास्तों और सीमाओं पर तत्काल प्रभाव से नाकाबंदी कर दी गई है। पुलिस की टीम ग्राम तरेंगा से ग्राम रोहरा के बीच और आसपास के मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों के हुलिए और उनकी बाइकों का नंबर पता चल सके। मौके पर ग्रामीण थाना पुलिस के साथ साइबर सेल की स्पेशल टीम भी तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल टावर डंप डेटा के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है।

### दस्तावेज उपलब्ध नहीं

प्रारंभिक पूछताछ में प्रार्थी के पास लूटे गए जेवरातों का कोई पक्का बिल या दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। इस संबंध में पुलिस टीम जेवरों की सत्यता और मूल्य की तस्दीक कर रही है। ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रार्थी के पास से लूटे गए जेवरों की कुल मात्रा और उनकी सही कीमत के संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है।

- **एच.एस. सिदार,** एडिशनल एसपी

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो

**बलौदाबाजार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के प्रभारी अमितेश शुक्ला ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में चढ़ावे और दान से जुड़ी कथित अनियमितताओं की सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि यह मामला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है, इसलिए इसकी सच्चाई देश के सामने आना आवश्यक है।

शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी



भगवान श्रीराम, सनातन धर्म और देशवासियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करती है। यदि मंदिर निर्माण और सेवा के लिए प्राप्त दान एवं चढ़ावे के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, तो उनकी पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक अनियमितता शेष पेज 10 परका

# अमृत सरोवर बना अनियमितता का सरोवर

हरिभूमि न्यूज कसडोल

- अफसरों और ठेकेदारों की जुगलबंदी में सरपंच बने कठपुतली

केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना जिले के जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत आने वाले पंचायतों में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। जल संरक्षण और भू-जल स्तर को सुधारने के लिए लाखों-करोड़ों की लागत से बनाए जा रहे ये तालाब ग्रामीणों के काम आने के बजाय तकनीकी अधिकारियों और रसूखदार ठेकेदारों की जेबें भरने का जरिया बन गया हैं। इस पूरे खेल में जनपद के शेष पेज 10 पर




### जांच की मांग

अमृत सरोवर के नाम पर चल रहे इस खुले खेल को लेकर कसडोल क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की इस बेहतरीन योजना का लाभ उन तक नहीं पहुँच पा रहा है इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### सरपंचों के हाथ खाली, ठेकेदार चला रहे सरकार

नियमों के मुताबिक ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों की मुख्य जिम्मेदारी और एजेंसी स्थानीय पंचायत होती है।लेकिन कसडोल जनपद क्षेत्र की अधिकांश पंचायतों में जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों से मिली जानकारी के अनुसार, जनपद स्तर के तकनीकी अधिकारियों और इंजीनियरों ने अपने चहेते ठेकेदारों को मूक सहमति दे रखी है। निर्माण कार्य की शुरुआत से लेकर भुगतान होने तक, सारा नियंत्रण ठेकेदारों के हाथ में होता है। सरपंचों पर केवल चेक बुक पर दस्तखत करने का दबाव बनाया जाता है। विरोध करने पर काम रुकवाने या अन्य तकनीकी अड़चनें पैदा करने की धमकी दी जाती है, जिससे सरपंच मूकदर्शक बनने को मजबूर हैं।

स्वास्थ्य विभाग की टीम के समन्वित प्रयासों से मिली बड़ी उपलब्धि

# आयुष्मान भारत वय वंदन योजना में सारंगढ़-बिलाईगढ़ राज्य में प्रथम

हरिभूमि न्यूज बिलाईगढ़

- इस कार्ड से 70 वर्ष या ज्यादा आयु के बुजुर्ग को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज

जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि के साथ प्रदेश में अग्रणी बनकर उभरा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई 'वय वंदन योजना' के क्रियान्वयन में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व और स्वास्थ्य विभाग की तत्परता का परिणाम है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के कुशल



मार्गदर्शन और रणनीतिक दिशा -निर्देशों ने इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जमीनी स्तर पर व्यापक कार्य योजना तैयार की। इस दौरान जिले के आयुष्मान भारत योजना के जिला समन्वयक रोशन सचदेव एव सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों के बीच बेहतरीन समन्वय देखने को मिला, जिसके परिणामस्वरूप पात्र वरिष्ठ नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने का लक्ष्य तेजी से पूरा किया गया। आयुष्मान वय वंदना कार्ड, आयुष्मान भारत योजना का एक विस्तार है। इसके तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किए बिना प्रति वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज मिलता है।

इस योजना में जिले के प्रथम आने से यह स्पष्ट है कि प्रशासन ने न केवल डेटा एंट्री, बल्कि घर- घर जाकर लाभार्थियों की पहचान करने और उन्हें कार्ड उपलब्ध कराने में भी प्राथमिकता दिखाई है। अधिकारियों का उत्साहवर्धन- इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम की सराहना की है।

### हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। वहीं डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने सभी मैदानी अमले, मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रयासों को इस जीत का श्रेय दिया है। जिले की इस सफलता से न केवल स्वास्थ्य विभाग का मनोबल बढ़ा है, बल्कि यह अन्य जिलों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बन गया है। अब प्रशासन का लक्ष्य इस गति को बनाए रखते हुए अन्य स्वास्थ्य योजनाओं में भी इसी तरह की उत्कृष्टता हासिल करना है।


बालाजी प्रा. आई.टी.आई

ITI BHATAPARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा

89595-93918 • 98261-76302

# 3 साल की उम्र में मां और 15 में पिता ने छोड़ा साथ : अब साहू समाज ने बेटी बना रचाया पूनम का ब्याह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

उम्र का वह नाजुक दौर जब एक बच्चे को माता-पिता के साये और उनकी गोदी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, उस दौर में पूनम के हिस्से सिर्फ अकेलापन और सूनापन आया। महज 3 साल की मासूम उम्र में मां का साथ छूटा और 15 साल की होते-होते पिता ने भी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया। लेकिन कहते हैं जिसका कोई नहीं होता, उसका पूरा समाज होता है। पलारी के झिरिया साहू समाज ने इस अनाथ बेटी को अपनी लाडली बनाया और पूरे रीति-रिवाज के साथ उसका विवाह संपन्न कराकर मानवता की एक अद्भुत मिसाल पेश की है।

## धन्नू-भारती साहू ने माता-पिता बनकर किया कन्यादान

### भावुक हुई पूनम

विवाह के मंडप पर पूनम की आंखें नम थीं, लेकिन दिल अपनों को पाकर गदगद था। अपनी आपबीती साझा करते हुए पूनम ने कहा- मुझे याद है जब मां छोड़कर गई तो मैं बहुत रोई थी। बाद में पिता ने भी मुंह मोड़ लिया। मुझे लगा कि मेरी जिंदगी में अब सिर्फ अंधेरा बचा है। लेकिन आज समाज ने साबित कर दिया कि जब अपने छोड़ देते हैं, तो समाज माता-पिता बनकर ढाल बनता है। धन्नू पापा और भारती मां ने मुझे जो प्यार और आसरा दिया है, उसके लिए मैं हमेशा उनकी बेटी बनकर रहूंगी।



### मेरी पत्नी ने निभाया बेटी का फर्ज

जब किसी बेटी के सिर पर माता-पिता का साया न हो, तो यह पूरे समाज का कर्तव्य है कि वह आगे आए। पूनम का कन्यादान करना मेरे और मेरी पत्नी भारती के लिए परम सौभाग्य की बात है। हमने उसे केवल एक वधू नहीं, बल्कि अपनी खुद की बेटी मानकर विदा किया है। इस विवाह की सबसे खूबसूरत कड़ी झिरिया साहू समाज के अध्यक्ष एवं छात्रावास समिति बलौदाबाजार के अध्यक्ष धन्नू साहू और उनकी पत्नी भारती साहू बने। दोनों ने पूनम का कन्यादान कर माता-पिता का वह पवित्र फर्ज निभाया, जिससे पूनम बचपन से वंचित थी। विवाह की सभी रस्में तेल, मायन, चूलमाटी से लेकर बारात के भव्य स्वागत तक पूरी गरिमा और विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गईं।

### विवाह में सामाजिक दिग्गजों की रही उपस्थिति

इस मंगल बेला पर वधू को आशीर्वाद देने के लिए जगदीश साहू, महेंद्र मोनू साहू, रोहित साहू, गणपत साहू, डोमन साहू, उमाशंकर साहू, गीता साहू, प्रीतम साहू, पूर्णिमा साहू, रामेश्वर साहू, सावित्री साहू, अभिराम साहू, रवि साहू, झूमुक लाल साहू, मन्नू लाल साहू, एवन साहू, तेजराम साहू, जितेंद्र साहू, छबिया साहू, खिलेश्वर साहू सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बंधु और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### साहू समाज ने पेश की मिसाल : विधायक संदीप

विधायक संदीप साहू ने कहा यह मानवता की बहुत बड़ी जीत है। जहां सगे माता-पिता अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट गए, वहीं समाज ने निस्वार्थ भाव से आगे आकर बेटी का कन्यादान किया। पूनम आज बेसहारा नहीं, बल्कि पूरे समाज की गौरवशाली बिटिया है। सुनील साहू जिला साहू संघ अध्यक्ष ने कहा इतनी कम उम्र में माता-पिता को खोना किसी भी बच्चे के लिए सबसे बड़ा सदमा होता है। लेकिन आज पूनम अकेली नहीं है। पूरे समाज ने मिलकर इस विवाह को अपने घर की शादी की तरह मनाया है।

## खबर संक्षेप



### धमनी में छात्राओं ने लगवाया सर्वाइकल कैंसर निरोधक टीका

**पलारी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाने 14 से 15 वर्ष के आयु की लडकियों को टीका  लगाया गया। हाई स्कूल सभागार में 8वीं एंव 9वीं क्लास की छात्राओं को उसके अभिभावकों के उपस्थिति में ह्युमन पैलोमा वायरस को निष्क्रिय करने के टीका के संबंध में संपूर्ण जानकारी देकर पालकों की सहमति से खंड चिकित्सा अधिकारी पंकज वर्मा के निर्देशानुसार सीएचओ प्रदीप वर्मा, आर एचओ संजय पैकरा, एएनएम पुष्पा बांधे द्वारा 14 से 15 वर्षीय 20 छात्राओं को एच. पी. वी. के टीका लगाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव, प्राचार्य मुकेश चौहान दिनेश धैर्य, संकुल समन्वयक दिलीप पैकरा, बरिहा मैम, देवेंद्र यदु, मितानिन लछनीबाई यादव, संतोषी यदु आदि उपस्थित रहे। कुछ जनों के मन मे इस टीका को लेकर भ्रांति रही जिसका समाधान किया गया। आगे यह टीकाकरण आने वाले दिनों में शेष 14 से 15 वर्षीय बालिकाओं को उसके अभिभावकों की सहमति लगाया जायेगा।

### कलेक्टर ने किया पद्मश्री डॉ. ताती को सम्मानित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जनजातीय सेवा और आदिवासी विकास के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाली पद्मश्री सम्मान प्राप्त डॉ. बुधरी ताती को कलेक्टोरेट में बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। वर्ष 2026 के लिए देशभर से चयनित पद्मश्री सम्मान प्राप्त नागरिकों में बस्तर अंचल की डॉ. बुधरी ताती भी शामिल है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज के उत्थान, शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित किया है।

## धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ श्री गो-गोपाल एवं श्री वास्तु पूजन महोत्सव

# गौ सेवा भारतीय संस्कृति परंपरा का अभिन्न अंगः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सुरभि गौ धाम में आयोजित श्री गो-गोपाल एवं श्री वास्तु पूजन महोत्सव धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, अध्यक्ष संत रामस्वरूप दास महात्यागी महाराज,नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, संतजनों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गौ सेवा एवं लोककल्याण की कामना की।

पूजन में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा  नेहा शर्मा सपत्नीक के साथ पार्षद  गेंदू साव  संतोषी साव,  संध्या साहू राजेश साहू, दीपा साहू  दशरथ साहू, एल्डरमैन मधु सोनी वाय आर सोनी, कुंजराम कोसले मोहिनी कोशले, लक्ष्मीकांत टंडन निशा टंडन सपत्नीक सम्मिलित होकर पूजा अर्चना की।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। गौ संरक्षण, धार्मिक आस्था, सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाने के साथ सामाजिक समरसता और जनजागरण का माध्यम भी बनते हैं। संत रामस्वरूप दास महात्यागी महाराज ने कहा कि गौ सेवा, वृक्षारोपण और धर्म आधारित जनकल्याण के कार्य मानव जीवन को पुण्य एवं लोकमंगल से जोड़ते हैं। समाज में सेवा, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण का आधार है।

नगर पालिका अध्यक्ष  अश्वनी शर्मा ने कहा कि श्री सुरभि गौ धाम समाज की आस्था और सेवा का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने समस्त नगरवासियों से गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक गतिविधियों से जुड़ते हुए ऐसे जनहितकारी कार्यों को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, आशीष जायसवाल, सभापति मनीष मिश्रा, देवेंद्र साहू, गोविंद पटेल, , एल्डरमैन डॉ. मोहन बांधे, राजा कमनानी, रूपेश तिवारी, डॉ संतोष वर्मा, पार्षद नंद किशोर वैष्णव, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी, भुवन सिंह ठाकुर, सुरेश मंधानी, श्रेणिक गोलछा, मोंटू ध्रुव, लिकेश साहू, ठाकुरराम साहू,उमाशंकर वर्मा, कीर्तन जायसवाल अजय ठाकुर चन्द्रशेखर चक्रधारी योगेश अनंत शुभम राजपूत, प्रकाश ठाकुर चंद्रकांत खुटे संजय बंजारे संतीश साहू भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश शर्मा, रविन्द्र शर्मा संतोष पांडेय गौ सेवक अभिषेक , संकेत उपाध्याय,पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर,काके थदवानी,राकु मंधान, नरेश आर्य रौनक मूंधड़ा एवं अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### शिवरतन शर्मा ने किया विभिन्न विकास कार्य का भूमि पूजन

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत टेहका में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इसमें खाद्य भंडार 9 लाख 25 हजार सीसी रोड निर्माण, 10 लाख सामुदायिक, शौचालय निर्माण 4 लाख  का भूमि पूजन किया।कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा विकसित बलौदाबाजार भाटापारा जिला विकसित छत्तीसगढ़ मार्ग डबल इंजन सरकार के सर्वांगीण और निरंतर विकास से ही प्रशास्त्र होगा। सरकार की प्राथमिकता है कि गांव गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना एवं बुनियादी ढांचे को मजबूत करना। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति राजा जायसवाल ने भी सरकार की उपलब्धि एवं विकास कार्य के बारे में जानकारी दी। वहीं ग्रामीणों ने समस्याओं एवं मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं भूमि पूजन में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष भाटापारा प्रतिनिधि प्रदीप आनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, डब्बू सिंह ठाकुर, पवन वर्मा, खुमान वर्मा,डब्बू सिंह ठाकुर, सरपंच ललिता नारायण जोगी, सचिव बलराम साहू, पूर्व सरपंच रोहित साहू, समाज सेवी मन्नू लाल यादव, सखाराम साहू, खूबीराम साहू, ख़ेम सिंह ध्रुव, भोला साहू, हेमन्त ध्रुव एवं समूह की महिलाएं,  ग्रामवासी उपस्थित थे।



**शराब बेच रही महिला पर कार्रवाईः महासमुंद।** शराब बेच रही एक महिला के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि पुष्प वाटिका के बगल सीसी रोड वार्ड नं 02  बीरेंद्र नगर सरायपाली में एक महिला अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। मौके पर पहुंचकर महिला के कब्जे कुल 20 लीटर हाथभट्ठी शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया।

# नगर में धूमधाम से निकाली जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा



**सिमगा।** नगर में आज शाम 4 बजे प्राचीन श्रीराधे श्याम मंदिर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रिमझिम बरसते पानी के फौहारों के बाद भी भक्तों में भगवान की एक झलक पाने का उत्साह दिखाई दिया। प्राचीन धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया दिन भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपने सुसज्जित रथों पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं। नगर के शत्रुहन प्रसाद वैष्णव परिवार द्वारा लगातार छः पीढ़ियों से भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र बहन सुभद्रा की रथ यात्रा उत्साह एवं बड़े ही धूमधाम से निकालते आ रहे हैं। वैष्णव परिवार के मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना के बाद श्री राधा कृष्ण मंदिर से होते हुए आजाद चौक, सदर रोड, जय स्तंभ चौक, बिलासपुर रोड, तिल्दा रोड होते हुए नगर के प्रायः सभी मार्गों में अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। इस दौरान नगर सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुगण हजारों की संख्या में भगवान जगन्नाथ की जय का उदघोष करते हुए भगवान की आरती उतारकर पूजा अर्चना करते हैं एवं अपने सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हैं तथा चना व गजामूंग का प्रसाद ग्रहण करते हैं। रथ यात्रा के आगे आगे युवाओं की टोली लगातार भगवान जगन्नाथ की भजन कीर्तन करते हुए रथ खींच कर धर्म लाभ ले रहे थे।

### बारिश के बीच निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**खरोरा।** आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा के अनुपम संगम के रूप में भगवान जगन्नाथ की 70वीं ऐतिहासिक रथयात्रा गुरुवार को खरोरा में धार्मिक उल्लास और भव्यता के साथ निकाली गई। हल्की बारिश के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जय जगन्नाथ के गगनभेदी जयघोष, भजन-कीर्तन और भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की सुसज्जित रथयात्रा नगर भ्रमण पर निकली। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का समापन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय वातावरण में हुआ।





### सेल भी रथ यात्रा की धूम

**सेल।** ग्राम पंचायत सेल में रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्रा को दर्शन करने और पूजा अर्चना करने के लिए जनसैलाब उमड़ा। जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्रा के रथयात्रा निकाला गया, जिसमें आज धर्म कर्म महौल बना हुआ था।महिलाओं एवं भक्तगण ने बारिश में भीगते हुए भगवान जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्रा का शाम 4बजे सुंदर झांकी निकाला गया राधा कृष्ण मंदिर से निकलते हुए सूतियापारा मोहल्ला से गुड़ी चौक डीहपारा करंजपारा मोहल्ला सड़कपारा बस स्टैंड शीतला चौक शिशु मंदिर के पास स्थल तक। बारिश में भीगने से बचाव के लिए तिरपाल से ढंका हुआ था। बडे धूमधाम से भगवान जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्रा का रथयात्रा निकाला गया था।  राधा कृष्ण मंदिर समिति महेश्वर साहू, गोविंद साहू, संजय जायसवाल, रितेश कुमार जायसवाल, रामप्रसाद सोनी, वेदांत वैष्णव, रामकुमार कर्ष, हरलाल वर्मा, ओंकार साहू, छोटू साहू, लोमेश साहू, दिलीप साहू, सोनू साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामीणजन के सहयोग से रथयात्रा निकाला गया था।



## पेज 9 के शेष

### श्रद्धा के साथ...

पारंपरिक रस्मों के बाद भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और देवी सुभद्रा को भव्य रूप से सजाए गए रथ पर विराजमान किया गया। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा, तोरण और रंगोली सजाकर आत्मीय स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने भी पूजन कर यात्रा में सम्मिलित हुए। रथयात्रा समिति के अध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा, आलोक मिश्रा, अशोक यादव, संतोष साहू ने बताया कि रथ को सजाने पिछले 15 दिनों से समिति द्वारा तैयारी की जा रही थी। साथ ही समिति के संतोष वर्मा, नागेश श्रीवास, कमलेश कश्यप, राघवेंद्र राव, खुलेश्वर राव, संतोष जायसवाल, भावेश यादव, गौतम साहू, राजेन्द्र साहू, बंटी, आकाश कुरुवंशी, शोम यादव, जित्तू, राजा पटेल सदस्यगणों का सहयोग मिलता है।

**सुरक्षा और सेवा के पुख्ता इंतजामः** हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ को देखते हुए कसडोल पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मुख्य मार्गों पर रूट डायवर्ट किया गया था। वहीं, नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और सेवा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद के वितरण की व्यवस्था की गई थी।

### अमृत सरोवर बना...

उच्च अधिकारियों और ठेकेदारों की ऐसी मिलीभगत है कि स्थानीय सरपंच महज एक कठपुतली बनकर रह गए हैं। कागजों पर चमचमाते अमृत सरोवर धरातल पर अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहे है।

**घटिया निर्माण और कागजी मूल्यांकन का खेलः** कसडोल क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में बने अमृत सरोवरों में मानकों की धज्जियां उड़ाई गई हैं।बिना खुदाई के भुगतान : कई जगहों पर पुराने तालाबों की ही हल्की सफाई करवाकर उन्हें नया अमृत सरोवर बता दिया गया। पिचिंग और सौंदर्यीकरण में फर्जीवाड़ा तालाबों के पार (तटबंध) पर की गई स्टोन पिचिंग पहली ही बारिश में ढहने लगी है।कागजी मूल्यांकन जनपद के तकनीकी अधिकारियों द्वारा बिना मौके पर जाए ही ठेकेदारों के बिल पास कर दिए गए, जिससे साफ़ पता चलता है कि भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं।

### राय गौरव रामप्रवेश...

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी नवपदस्थ एसपी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह बलौदाबाजार, हेमसागर सिदार भाटापारा, एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू, डीएसपी कौशल किशोर वासनिक कैंप कसडोल, डीएसपी संजय साहू यातायात, डीएसपी श्रीमती उषा सोन्धिया तथा निरीक्षक उषा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी राय गौरव रामप्रवेश ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जन-केंद्रित पुलिसिंग को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों का विश्वास पुलिस पर और मजबूत हो, इसके लिए संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### राम जन्मभूमि ट्रस्ट ...

विषय नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के विश्वास और भावनाओं से जुड़ा मामला है।उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में न्यायिक जांच कराई जाए, दान एवं चढ़ावे का फोरेंसिक ऑडिट कराया जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पुनर्गठन की भी मांग की। पत्रकार वार्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित हुई। इस दौरान प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, दिनेश यदु, रामकुमार साहू, गोपी साहू, विक्रम पटेल, प्रवीण सेन, दीपक साहू, आर्यन शुक्ला, अमर मिश्रा, जितेंद्र नवरत्न, सुनील कुर्रे, सिद्धांत मिश्रा, अधिवक्ता संजय सोनी, पिंटू साहू, कालिंदी वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल की छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





शासकीय हाई स्कूल मांठ में कक्षा नवमीं की नव प्रवेशी छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत तिल्दा के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच सुरेंद्र वर्मा ने छात्राओं को तिलक लगाकर साइकिल की चाबी सौंपी और मुंह मीठा कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। प्राचार्य सुशीला वर्मा ने बच्चों को नियमित शाला आने के लिए कहा।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शेष नारायण वर्मा, शिक्षा विद् सदस्य अंबिका प्रसाद वर्मा, सदस्य गण रामरतन साहू, राहुल यादव, राजू वर्मा ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दिया। इस कार्य क्रम में विद्यालय की व्याख्याता हेमलता साहू, रेखा मिश्रा, शिक्षिका सरस्वती वर्मा, उत्तरा साहू, देवेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार बघेल, शिवानी वर्मा, वसुंधरा साहू, मंजूलता देवांगन, यामिन वर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, मंजू आनंद, राजकुमारी, सरस्वती पटेल, हेमा सोनवानी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अब जटिल प्रसव के लिए जिला अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार हुआ सिजेरियन प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



शहीद संत राम साहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। अस्पताल में पहली बार सफलतापूर्वक सिजेरियन प्रसव कराते हुए दो महिलाओं का ऑपरेशन किया गया, जिनसे स्वस्थ शिशुओं का जन्म हुआ। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध है जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक दोनों सिजेरियन ऑपरेशन किए। इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों को अब प्रसव संबंधी जटिल मामलों के लिए जिला मुख्यालय या बड़े अस्पतालों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। सिजेरियन ऑपरेशन डॉ. राकेश प्रधान एम.एस., शल्य चिकित्सक, डॉ. वंदना भेले प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा डॉ. भरत साहू निश्चेतना विशेषज्ञ की संयुक्त टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ऑपरेशन के दौरान वंदिता साहू, बजरंग वर्मा, रानी पटेल एवं लक्ष्मी सेन ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। वहीं सती वर्मा विकासखंड समन्वयक तथा यशोदा प्रजापति मितानिन ने गर्भवती महिलाओं को कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित संस्थागत प्रसव एवं सिजेरियन ऑपरेशन के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक ने अपने पुत्र की स्मृति में किया पौधारोपण

**अर्जुनी।** पुत्र की स्मृति में पौधारोपण करना एक बहुत भावुक प्रेरणादायक और पर्यावरण हितैषी पहल हैं। यह न केवल उनके जीवन की एक स्थायी श्रद्धांजलि देता है, बल्कि उनकी यादों को भी हमेशा हरा भरा रखता है। जैसे-जैसे पेड़ बड़ा होता है, पुत्र की उपस्थिति और उनके जीवन का अहसास कराता है। इसी तरह ग्राम पंचायत टोनाटाऱ के बगदइन चौक बाटकेश्वर मंदिर के समीप प्रधान पाठक नारंतक प्रसाद यादव ने अपने स्वर्गीय छोटे सुपुत्र ओमेशकांत दीपक यादव की स्मृति में देव पीपल पौधा का रोपण परिवार के साथ किया। पौधारोपण करने का उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा जीव जंतुओं की आश्रय एवं समस्त पितरों की आत्मिक शांति हितार्थ किया गया। इस पुनीत कार्य में नारांतक प्रसाद यादव, अनीता देवी यादव, कॉमिन, सुजीत कुमार यादव, कुमारी खिलेश्वरी यादव, कोमल कांत यादव, हर्ष कुमार, शंकर वैष्णव, दुष्यंत ध्रुव, दादू वैष्णव, कान्हा यादव का विशेष सहयोग रहा।

### कांग्रेसजनों ने किया रक्तदान



**सिमगा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी के नेतृत्व में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। सुनील माहेश्वरी ने कहा कि बैज ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल में संगठन को बूथ से प्रदेश स्तर तक मजबूत किया तथा जनहित के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ प्रभावी संघर्ष किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### खाद बीज लेने टोकन व्यवस्था खत्म, किसानों में हर्ष

**खरोरा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों के हित में फैसला लेते हुए खरीफ सीजन के लिए किसानों



को समय पर कृषि आदान उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था की है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां में पर्याप्त उर्वरक और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वितरण व्यवस्था को अधिक सरल और किसान हितैषी बनाते हुए टोकन प्रणाली समाप्त कर दी गई है। इस संबंध में प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा के सदस्य रमेश शर्मा ने कहा कि अब किसानों को आवश्यकता अनुसार एक मुस्त खाद और बीज मिल रहे हैं, जिससे उनका समय बच रहा है और उन्हें बार-बार सहकारी समिति के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

**पर्व : रथ यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, पुष्पवर्षा और जयघोष से गूंजा नगर**

# महाप्रभु जगन्नाथ की सवा लाख दीपों से महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

भगवान जगन्नाथ स्वामी, भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पारंपरिक रथ यात्रा बुधवार को सुहेला में उल्लास के साथ निकाली गई। जगन्नाथ मंदिर, पुरानी बस्ती से प्रारंभ हुई रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

रथ यात्रा का शुभारंभ विधिवत विशेष रूप से सवा लाख बत्तियों से महाआरती हुई, श्रद्धालुओं ने एक साथ महाआरती में सहभागिता कर भगवान जगन्नाथ से सुख, समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की। दीपों की जगमगाहट, शंखनाद, घंटियों की मधुर ध्वनि और जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को सुसज्जित रथ में विराजमान कर किया गया। इसके पूर्व परंपरागत 'झाड़ू पहरान' की रस्म निभाई गई, जिसमें गंगाजल का छिड़काव कर रथ मार्ग की शुद्धि की गई।

दोपहर करीब 3 बजे प्रारंभ हुई रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से निकलकर रामसागरपारा, महामाया चौक, टिकट चौक, हनुमान मंदिर होते हुए इंदिरा आवास तक पहुंची और नगर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर प्रांगण लौटी। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारकर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। भजन-कीर्तन, जयघोष तथा ढोल-मंजीरों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

रथ यात्रा के दौरान प्रखर प्रज्ञा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पूरे मार्ग में प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई। विशेष रूप से पारंपरिक गजा-मूंग प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया।

दोनों घोषणाओं का समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पवन कुमार सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रेवाराम साहू, नकछेद साहू, भरत वर्मा, भुलउ राम ध्रुव, हृदय वर्मा, धनीराम साहू, जामिन वर्मा, कुमारी वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, लोकेश कुमार साहू, सुरेश कुमार वर्मा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



### मंदिर को साउंड सिस्टम व रथ में ऑटोमेटिक स्टीयरिंग लगाने की घोषणा

मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सुहेला की सरपंच मोंगरा बाई एवं उपसरपंच देवा धृतलहरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने जगन्नाथ मंदिर के लिए साउंड सिस्टम भेंट किया, जबकि उपसरपंच देवा धृतलहरे ने भगवान जगन्नाथ के रथ में ऑटोमेटिक स्टीयरिंग प्रणाली लगवाने की घोषणा की, जिससे रथ संचालन और अधिक सुगम हो सके।

### ओटगन में रथयात्रा...

**सिमगा|** समीपस्थ ग्राम ओटगन में श्रीराम सेवक परिवार द्वारा भगवान जगन्नाथ का रथयात्रा निकाली गयी। वहीं ग्रामीणों द्वारा मां महामाया मंदिर में माता पहुंचनी का पर्व भी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। रथ में सवार भगवान जगन्नाथ के साथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का ग्रामीणों द्वारा जगह जगह स्वागत कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं को गजा मुंग का प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा रथ के सामने झाड़ू लगा कर रथ खिंचने का रस्म निभाया गया। भजन मंडली द्वारा भगवान के भजन गायन से वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं महामाया मंदिर में माता पहुंचनी पर जसगीत सेवा मंडली द्वारा मांदर की थाप पर माता के सेवागीत व जसगीत का गायन देर शाम तक चलता रहा। उक्त अवसर पर सरपंच हिमांशु तिवारी, श्रीराम सेवक परिवार से विजय सोनवानी, ललित मिर्झा, उमेश साहू, भुपेंद्र तिवारी, रोहित यादव, नारायण ध्रुव, सत्यप्रकाश यादव, नंदलाल साहू सहित ग्रामीण मौजूद रहे।





### रथ यात्रा में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** नगर में गुरुवार को रथयात्रा निकाली गई, जिसमें भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म पूरी की गई। रथ यात्रा शुरू करने से पहले शिवरतन शर्मा ने प्रभु की प्रतिमा को हाथों से उठा कर रथ में विधि विधान से पूजा अर्चना कर बिठाया। इस मौके पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है। आज भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के मनहर संबंधों की रसस्नात विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा प्रारंभ हो रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।



## छुईहा में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, गूंजा जयघोष

**बिलाईगढ़।** क्षेत्र के समीप स्थित ग्राम छुईहा में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गांव के मध्य स्थित विशाल राधा-कृष्ण मंदिर, जिसका निर्माण वर्ष 1975 में हुआ तब से इस धार्मिक आयोजन का प्रमुख केंद्र है। जगन्नाथपुरी की परंपरा के अनुरूप यहां भी भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा के अवसर पर गांव में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। दूर-दूर से पहुंचे व्यापारियों ने विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाईं, जिससे आयोजन की रौनक और बढ़ गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।कीर्तन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन करते हुए भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की प्रतिमाओं को मंदिर से बाहर लाया गया। मंदिर परिसर में परिक्रमा के बाद भगवान को सुसज्जित रथ में विराजमान कराया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ को खींचते हुए यात्रा निकाली।यात्रा मार्ग में ग्रामीण महिलाओं ने अपने-अपने घरों के सामने भगवान की आरती उतारकर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे गांव में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा वातावरण बना रहा तथा जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। रथयात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं मिठाई का वितरण किया गया। वहीं रात्रि में सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया। ग्राम छुईहा में वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा आज भी लोगों की आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनी हुई है।

■ 51 वर्षों से जीवंत है आस्था की परंपरा

## बारिश में भी उमड़ी रथयात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़

**भवानीपुर।** इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा श्रद्धा, भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ निकाली गई। अंचल के ग्राम गिधपुरी, खपरी, भरूवाडीह, चरौदा, रिवाडीह, बम्हनी, वटगन सहित दर्जनभर गांवों में भी रथ यात्रा निकाली गई, जिसमें। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बारिश की बूंदें भी भक्तों के उत्साह को ठंडा नहीं कर सकीं, बल्कि उनकी आस्था में चार चांद लग गए।

राजेश शर्मा ने बताया कि रथ यात्रा की शुरुआत गांव के जगन्नाथ मंदिर में विधि-विधान पूजा-अर्चना के साथ हुई। मंदिर के पुजारी रघुवर दास वैष्णव ने वेदमंत्रोच्चारण व विशेष अनुष्ठान के बाद रथ की प्राण-प्रतिष्ठा की। इसके बाद रथ को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक पताकाओं, तोरणद्वारों और विद्युत सज्जा से इस प्रकार सजाया गया कि वह भव्य मंदिर जैसा प्रतीत होने लगा। चारों तरफ जय जगन्नाथ, जय बलभद्र, जय सुभद्रा के मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। दोपहर में रथ यात्रा प्रारंभ हुई। सबसे आगे चल रहे ढोल-नगाड़ों की थाप, मंजीरों की झंकार और झांझ की ताल पर भक्त समूह भगवान के जयघोष के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। कई कीर्तन मंडलियों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर भक्ति रस में पूरे माहौल को सराबोर कर दिया। यात्रा गांव के हर चौक चौराहे से गुजरी जहां पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने घरों के आगे रंगोली सजाई, दीपक जलाए और आरती उतारकर भगवान का दर्शन किया।





## पलारी में रथयात्रा निकाली गई



**पलारी।** गुरुवार को पलारी में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई उनके साथ रथ पर बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान थी।रथ यात्रा गांधी चौक से विधिवत पूजा अर्चना कर यात्रा बाजार चौक, बलौदाबाजार मार्ग, रायपुर मार्ग सहित सभी वार्डो का भ्रमण किया इस दौरान बरसते पानी में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिए पूजा अर्चना की पंडित जी ने श्रद्धालुओं को गजा मूंग का प्रसाद वितरण कर आगे बढ़ते गए बारिश में भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था

## आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने लगा शिविर

**खरोरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त तहसीलदार सूर्यकांत कुम्भकार, क्षेत्र के पटवारी तथा लोक सेवा केंद्र के संचालक नवीन साहू ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों से आय प्रमाण पत्र के लिए कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने बताया कि सभी पात्र आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर त्वरित रूप से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर आसपास के विद्यालयों में अध्ययनरत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। शिविर में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं तथा सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा मिल रही है।



## राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुईं शिक्षिका भारती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा रायपुर में आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह–2026 में विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की सहायक शिक्षिका भारती वर्मा को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें खेल-खिलौना संग्रहालय आधारित एवं गतिविधि आधारित शिक्षण में नवाचार के लिए मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह ने सम्मानित किया। समारोह में देशभर के 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डॉ. द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं और उन्हें उनके योगदान के अनुरूप सम्मान मिलना चाहिए। समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पूर्णानंद मिश्रा सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। भारती वर्मा की इस उपलब्धि पर बीईओ संजय श्रीवास्तव, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों तथा परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुईं शिक्षिका सालिनी कश्यप

**पलारी।** राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा रायपुर में आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह–2026 में बलौदाबाजार जिले की प्राथमिक शाला ढाबाडीह की शिक्षिका सालिनी कश्यप को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। देशभर से प्राप्त करीब 700 आवेदनों में से निष्पक्ष एवं गुणवत्ता आधारित चयन प्रक्रिया के बाद 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया गया, जिनमें सालिनी कश्यप भी शामिल रहीं। उन्हें शिक्षा में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, बाल-केंद्रित गतिविधियों, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरिभूमि समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी थे। कार्यक्रम में शिक्षा एवं समाज सेवा से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समापन पर सभी सम्मानित शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए काली हल्दी का पौधा भेंट किया गया।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### युवाओं ने किया रक्तदान

**अर्जुनी।** भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दत्तरेंगी में आशीर्वाद ब्लड सेंटर के तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चन्द्रप्रकाश साहू ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्त की एक बूंद किसी की जान बचा सकती है। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को आशीर्वाद ब्लड सेंटर की ओर से रक्त मित्र प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आशीर्वाद ब्लड सेंटर के पदाधिकारियों ने बताया कि रक्त की कमी के कारण होने वाली परेशानियों को देखते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर गांव गांव में लगाए जाएंगे।

### डॉ. सुभाष मिश्रा को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार

**रायपुर।** इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ़ मैन्युअल स्मॉल इन्सीशन कैटरेक्ट सर्जरी की सेंट्रल जोन कांफ्रेंस पिछले दिनों राजधानी रायपुर में संपन्न हुई। इसमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं ओडिशा के नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लेकर नेत्र रोग के समाधान के लिए अपनाई जाने वाली नई तकनीकों पर चर्चा की। आईएसएमएसआईसीएस ने डा. सुभाष मिश्रा को नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित कियाय। उन्हें यह पुरस्कार केंद्रीय अध्यक्ष डॉ जगन्नाथ बोरामणि ने प्रदान किया।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा में 97 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी में शिक्षा एवं खेल को प्रोत्साहित करने दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक ओर शासन की योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 52 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया, वहीं दूसरी ओर जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 97 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी अवसर पर जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए 97 खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। प्रतियोगिता का संचालन निर्णायक मंडल के सदस्य अखिलेश कैवर्त भाटापारा, रजनी लहरे बलौदाबाजार, दिनेश साहू अर्जुनी तथा रानी पलारी द्वारा किया गया। वहीं विद्यालय की खेल प्रभारी यासमीन अफरोज ने संपूर्ण आयोजन के संचालन एवं व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दोनों कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की सफलता में जयंती शर्मा, शीला मिश्रा, वर्षा देवांगन, अर्जुन कश्यप, राकेश कुमार वर्मा, जसवंत कुमार वर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, अन्नपूर्णा पवार, कविता आदिल, दिव्या शर्मा, वेदप्रकाश पाल एवं आकाशदीप साहू तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

### 52 छात्राओं को मिली साइकिलें



### अतिथियों ने किया उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित

साइकिल वितरण कार्यक्रम में शाला विकास समिति की अध्यक्ष चित्ररेखा साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, उप सरपंच विष्णु साहू, शाला विकास समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद् गंगाप्रसाद यद्धु, चिंतामणि साहू, उर्मिला वर्मा, सुखराम ध्रुव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं के चेहरों पर साइकिल पाकर विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली।

## समस्या : 12 फीट चौड़ा और 5 फीट गहरा गड्ढा बना मुसीबत, किसान परेशान

# सड़क टूटने से थमा गोपालपुर-तेंदुआ मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

क्षेत्र में हाल ही में हुई अच्छी बारिश ने जहां एक ओर किसानों के चेहरे पर खुशी लाई थी, वहीं दूसरी ओर इसने ग्रामीणों के लिए एक बड़ी आफत भी खड़ी कर दी है। गोपालपुर से तेंदुआ को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भोरकहन तालाब के पास भारी बारिश के चलते पूरी तरह से टूट चुकी है। सड़क के बीचों-बीच लगभग 12 फीट चौड़ा और 5 फीट गहरा गड्ढा हो गया है, जिसके कारण इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है।

यदि शासन-प्रशासन द्वारा इस गड्ढे की जल्द से जल्द मरम्मत नहीं कराई गई, तो किसानों को कई किलोमीटर का लंबा चक्कर काटकर (घूमकर) अपने खेतों तक पहुंचना पड़ेगा। इस मार्ग के बंद होने से खेतों की तरफ ट्रैक्टर या अन्य किसी भी वाहन का जाना पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे किसानों की चिंताएं और अधिक बढ़ गई हैं। सड़क टूटने से नाराज और परेशान ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग से गुहार लगाई है कि आपदा की स्थिति को देखते हुए इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया, तो खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में उन्हें बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।



### पैदल चलना भी हुआ मुहाल, खेती-किसानी प्रभावित

ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब वहां से गुजरना नामुमकिन हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बने इस विशाल गड्ढे को न तो कूदकर पार किया जा सकता है और न ही उसमें उतरकर दूसरी तरफ जाना सुरक्षित है। ऐसे में इस मार्ग से संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। वर्तमान में खरीफ फसल की बुआई और खेती-किसानी का सीजन चरम पर है। ऐसे में किसानों को अपने खेतों तक खाद, बीज और अन्य जरूरी सामग्रियां ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सिमगा-सुहेला-बलौदाबाजार खराब सड़क के विरोध में कल धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम

सुहेला। बलौदाबाजार–सुहेला–सिमगा मुख्य मार्ग की वर्षों से जर्जर स्थिति और लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के विरोध में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में 17 जुलाई को सुबह 10 बजे से धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया जाएगा। पार्टी के सुरेंद्र यद्धु ने बताया कि सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर संबंधित विभाग, एसडीएम कार्यालय में दो-दो, तीन-तीन और चार-चार बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक सड़क सुधार के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की उदासीनता के चलते अब जनआंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "हमने प्रशासन को आंदोलन की सूचना दी है। इधर, तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम की अनुमति का आवेदन निरस्त कर दिया गया है। साथ ही लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर सड़क का निर्माण एवं मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए हैं।



### लक्ष्मी वर्मा से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात



**रवान।** लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक, चन्द्रिका प्रसाद वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, राजू कुमार ढीढी उपसरपंच, जयनारायण सोनी अध्यक्ष, यशवंत शर्मा सचिव, राजेश कुमार वर्मा प्रधानाचार्य, शिवकुमार ठाकुर कार्यालय प्रमुख, सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमदा बलौदा बाजार एवं सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से सौजन्य मुलाकात की।




